भारत प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लिमिटेड
(भारत सरकार के पूर्ण स्वामित्वाधीन)
Security Printing and Minting Corporation of India Limited
(Wholly owned by Government of India)

सत्यमेव जयते


**रविन्द्र प्रताप सिंह, भा.प्र.से.**
**Ravindra Pratap Singh, I.A.S.**
**मुख्य सतर्कता अधिकारी**
**Chief Vigilance Officer**




## :: संदेश ::

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भा.प्र.मु.मु.नि.नि.लि में "सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी/ Vigilance: Our Shared Responsibility" के विषय के साथ दिनांक 27.10.2025 से 02.11.2025 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह आयोजित किया जा रहा है।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के संदर्भ में, मैं सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से आग्रह करता हूँ कि वे हमारे संगठन में ईमानदारी, पारदर्शिता और जवाबदेही की संस्कृति को आत्मसात करते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस वर्ष का विषय 'सतर्कता: हमारी साझा जिम्मेदारी' भ्रष्टाचार को रोकने और सुशासन सुनिश्चित करने में हमारी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर देता है। हम अपने काम में नैतिकता और अखंडता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दर्शाए, ऐसा करके, हम राष्ट्र की समृद्धि में योगदान दे सकते हैं और भ्रष्टाचार मुक्त समाज का निर्माण कर सकते हैं।

सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है हम सब मिलकर वह बदलाव बनें जिसे हम देखना चाहते हैं और सभी के लिए एक उज्ज्वल भविष्य की दिशा में काम करें। हमारे सभी प्रयासों में ईमानदारी पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन की संस्कृति को बढ़ावा देना, भ्रष्टाचार के दुष्प्रभावों के बारे में दूसरों को शिक्षित और संवेदनशील बनाना, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना और सभी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण करना है।

मैं, सभी को इस सप्ताह के दौरान आयोजित विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों में जिसमें संगोष्ठी, प्रश्नोतरी और कार्यशालाएं शामिल हैं, भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूँ। आइए हम सतर्कता और अखंडता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए साथ मिलकर काम करें, और संगठन एवं राष्ट्र के लिए भविष्य की दिशा में प्रयास करें।

शुभकामनाओं सहित।

रविन्द्र

**(रविंद्र प्रताप सिंह)**


पंजीकृत कार्यालय: तृतीय तल, टॉवर-जी, विश्व व्यापार केंद्र, नौरोजी नगर, नई दिल्ली-110029
Regd. Office: 3rd Floor, Tower-G, World Trade Centre, Nauroji Nagar, New Delhi-110029
दूरभाष/Tel.: 011-43582260, ई–मेल/E-mail: cvo@spmcil.com
वेब/Web.: www.spmcil.com CIN: U22213DL2006GOI144763